आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार  दिनांक 30.08.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

2– पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने केन्द्र सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र किया जारी।

3– बिलासपुर जिले में स्वाइन फ्लू से एक और मरीज की मौत–जिले में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई।

और

4– मुख्यमंत्री ने नागरिकों से "देखो अपना देश" अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

..............

प्रधानमंत्री–न्यायपालिका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में बुनियादी ढांचे, समावेशी अदालत कक्ष, न्यायिक सुरक्षा और प्रशिक्षण सहित जिला न्यायपालिका के मुद्दों पर पांच सत्र होंगे।

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री तथा अटॉर्नी जनरल भी उपस्थित रहेंगे।

पेंशन–सरलीकरण

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया है। वहीं, भविष्य पोर्टल का ई–एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण कर दिया है। इसकी शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की।

इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा, सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि, सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र और ई–एचआरएमएस के साथ भविष्य के डिजिटल एकीकरण से पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी।

पेंशन विभाग के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि पेंशनभोगियों को एसएमएस और ईमेल के जरिए स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री–कृषि अवसंरचना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि हाल ही में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'कृषि अवसंरचना कोष' के विस्तार को जो मंजूरी दी है, उससे कृषि परियोजनाओं को सुदृढ़ करने और कृषि उत्पादकता को बढ़ाने सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि उत्पादन में सुधार होगा। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। यह कदम कृषि अवसंरचना के विकास के माध्यम से किसानों की आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रेडियो–मंजूरी

प्रदेश के अंबिकापुर, जगदलपुर और कोरबा जिलों में जल्द ही निजी एफएम रेडियो स्टेशन शुरू होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एफएम रेडियो स्टेशन शुरू करने की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से न केवल स्थानीय भाषा में कंटेंट को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नए एफएम रेडियो स्टेशन के शुरू होने से स्थानीय कलाकारों, संगीतकारों और कंटेंट क्रिएटर्स को अपनी मातृभाषा में प्रतिभा दिखाने के लिए एक बड़ा मंच मिलेगा। यह कदम न केवल सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देगा, बल्कि आर्थिक रूप से भी लोगों को मजबूत बनाएगा।

## <u>प्रदर्शनी–पुरस्कार</u>

नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्र स्टार की प्रदर्शनी एग्रीटेक इनोवेट इंडिया में छत्तीसगढ़ उद्यानिकी और प्रक्षेत्र वानिकी को उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है। कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

गौरतलब है कि नई दिल्ली में उनतीस से इकतीस अगस्त तक आयोजित एग्रीटेक इनोवेट इंडिया प्रदर्शनी में उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल में उद्यानिकी उत्पाद जैसे – पुष्प, फल, सब्जी और प्रसंस्कृत उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। स्टॉल में सक्ती जिले में पैदा होने वाली आम की मल्लिका किस्म और जेरेनियम का बना हुआ रूम फ्रेशनर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

## <u>त्रिपुरा/केरल–मदद राशि</u>

त्रिपुरा और केरल में प्राकृतिक आपदा से हुई बड़ी जन–धन हानि के बाद मदद के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दोनों राज्यों को पन्द्रह–पन्द्रह करोड़ रूपए देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने दोनों राज्यों में पिछले दिनों हुई प्राकृतिक आपदा को दुखद बताते हुए कहा कि मेरी संवेदनाएं आपदा प्रभावित लोगों के साथ है। छत्तीसगढ़ सरकार इस विपरीत परिस्थिति में दोनों राज्यों की सहायता के लिए तत्पर है।

एनएमडीसी–जुर्माना

दंतेवाड़ा कलेक्टर ने किरंदुल स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम–एनएमडीसी को नोटिस जारी कर स्वीकृत खनिज पट्टों में अनियमितताओं पर एक हजार छह सौ बीस करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही इस राशि को पन्द्रह दिन के भीतर जमा करने को कहा गया है। खनिज निरीक्षक के प्रतिवेदन के बाद एनएमडीसी प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिस पर एनएमडीसी ने जवाब प्रस्तुत किया था, लेकिन जवाब संतोष जनक नहीं पाया गया।

गौरतलब है कि एनएमडीसी केन्द्र सरकार की मिनीरत्न कंपनी है। साथ ही लौह अयस्क खदानों का स्वामित्व रखने वाली सबसे बड़ी लौह उत्पादक सरकारी कंपनी भी है। एनएमडीसी का अस्सी फीसदी उत्पादन दंतेवाड़ा से होता है।

स्वाइन–फ्लू

बिलासपुर जिले में स्वाइन फ्लू से एक और मरीज की मौत हो गई है। इससे अब जिले में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। बताया जा रहा है कि स्वाइन फ्लू से पीड़ित तैंतीस वर्षीय महिला की मौत इलाज के दौरान हो गई। इसके अलावा दो नए मरीजों की भी पुष्टि हुई है। जिले में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या सौ के करीब पहुंचने वाली है। अब तक स्वाइन फ्लू के छियानवे मरीजों की पहचान हो चुकी है, जिनमें से चालीस एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने स्वाइन फ्लू और डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी किया है।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार स्वाइन फ्लू और मंकी पॉक्स रोग के कारण और बचाव पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर के डॉक्टर सजल डे से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल इकतीस अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

'एक पेड़ मां के नाम'

राज्यपाल रमेन डेका ने आज महासमुंद प्रवास के दौरान पुरातात्विक नगरी सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर महासमुंद जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान राज्यपाल ने सिरपुर में प्रसिद्ध प्राचीन लक्ष्मण मंदिर और तिवरदेव विहार तथा सुरंग टीला का भी अवलोकन किया।

''देखो अपना देश''

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नागरिकों से अपील की है कि वे भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे "देखो अपना देश" अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। ये अभियान छत्तीसगढ़ के अद्वितीय और खूबसूरत स्थलों को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का एक अच्छा

अवसर है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे अपने राज्य के गंतव्यों के लिए पन्द्रह सितंबर के पहले वेबसाइट पर जाकर वोट करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

<u>चक्रधर–समारोह</u>

छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग और पर्यटन मण्डल द्वारा रायगढ़ के रामलीला मैदान में उनतालीसवें चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाएगा। सात से सोलह सितंबर तक चलने वाले इस समारोह के शुभारंभ अवसर पर पद्मश्री हेमा मालिनी नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति देंगी। वहीं, ग्यारह सितम्बर को मीनाक्षी शेषाद्रि का भरत नाट्यम और समापन समारोह में डॉक्टर कुमार विश्वास कविता पाठ करेंगे। दस दिनों तक चलने वाले इस समारोह में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रतिदिन अपनी प्रस्तुति देंगे।

<u>खेलकूद प्रतियोगिता</u>

सत्ताईसवीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन प्रतियोगिता कल से रायपुर के कोटा स्टेडियम में शुरू हो गई है, जिसका शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने किया। प्रतियोगिता की शुरूआत में छह वन वृत्तों से आये लगभग पांच सौ खिलाड़ियों को श्री राव ने शपथ दिलाई। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, कांकेर, सरगुजा और रायपुर से आये खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया।

राज्य स्तरीय तीन दिवसीय यह चयन प्रतियोगिता कल तक चलेगी। इसमें चयनित खिलाड़ी सोलह से बीस अक्टूबर के बीच रायपुर में होने जा रहे राष्ट्रीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## जशपुर–अस्पताल निर्माण

जशपुर जिले के कुनकुरी में बत्तीस करोड़ की लागत से दो सौ बीस बिस्तर के अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए राज्य सरकार ने निविदा जारी कर दी है। इस अस्पताल में मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे न केवल जशपुर जिले में बल्कि आसपास के मरीजों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। इस अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए पच्चीस अतिरिक्त एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने बजट में कुनकुरी में दो सौ बीस बिस्तर की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल निर्माण की घोषणा की थी।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। बस्तर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

इस बीच, सूरजपुर जिले के कुसमुसी गांव में मवेशी चराने के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

– कोरबा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसी नगर बाईपास नहर मुख्य मार्ग पर एक मकान ढह गया। इसमें दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

–   कोरबा जिले के ग्राम दौरीकलारी में उलटी– दस्त की शिकायत के बाद छब्बीस ग्रामीणों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया गया है। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है।

और

–   राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता में बस्तर के बालक और बालिका वर्ग में वनांचल की टीमें विजेता बनी। मेजबान दुर्ग संभाग की टीम ने सत्रह सत्रह वर्ष बालक का खिताब जीता।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>